# Petronet LNG Limited

**Regd. Office:** World Trade Centre, Babar Road, Barakhamba Lane, New Delhi – 110001
**Phone**: 011-71233525 **CIN:** L74899DL1998PLC093073
**Email:** investors@petronetlng.in, **Company's website:** www.petronetlng.in

ND/PLL/SECTT/REG. 30/2025

2nd September 2025

The Manager
BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street, Mumbai – 400 001

The Manager
National Stock Exchange of India Ltd.
Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex
Bandra East, Mumbai – 400 051

**Sub: Intimation under Regulation 30 of SEBI (LODR) Regulations, 2015 – Newspaper advertisement for corrigendum to the Annual Report for the financial year 2024-25**

Dear Sir / Madam,

Pursuant to Regulation 30 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith copy of newspaper clipping for corrigendum to the Annual Report for the financial year 2024-25, published in Hindustan Times (English) and Dainik Bhaskar (Hindi) on 2nd September 2025.

This is for information and records please.

Thanking you,

Yours faithfully

Rajan Kapur
Digitally signed by Rajan Kapur
Date: 2025.09.02 12:11:53 +05'30'

**(Rajan Kapur)**
**GGM & President - Company Secretary**

**Encl: as above**

### SC ON SIR CLAIMS

teers to bridge the gap in voter assistance. It requested the executive chairman of the Bihar State Legal Services Authority to issue directions by September 2 to notify paralegal volunteers at the district level, complete with names and mobile numbers, to help voters and parties file claims or objections online. These volunteers will route their reports through district judges, who will compile the data for the state legal services authority.

The RJD, in its application, asked the court to direct ECI to extend the claims period by two weeks, till September 15, citing the sharp rise in applications from excluded voters.

During the Monday hearing, advocate Prashant Bhushan and senior counsel Shoeb Alam, appearing for the RJD, pressed for an extension and argued that Aadhaar should be treated not just as proof of identity and residence but also as a declaration of citizenship. "This court said Aadhaar will also be accepted by ECI," said Bhushan, adding that transparency was lacking since uploaded documents were not publicly visible online.

The bench, however, retorted: "We cannot enhance the status of Aadhaar despite the legal pronouncements by the Constitution bench in the KS Puttaswamy judgment (2017) and Section 9 of the Aadhaar Act. Whatever value can be attached to Aadhaar statutorily, that has to be accepted." Section 9 states that Aadhaar is only proof of identity, and not of citizenship.

Dwivedi, representing ECI, reported that 99.5% of Bihar's 72.4 million electors had already filed at least one valid document. He added that notices were being issued within seven days wherever deficiencies were found. Dwivedi said, "By September 25, verification of documents will complete. We are issuing notices as and when any deficiency is being noted in the documents of proposed voters."

He also pointed out the low level of participation by political parties, noting that RJD had filed only 10 claims through booth-level agents, all of which were under process, while CPI (ML) had filed over 100 exclusions but "just a handful for inclusions." Out of the 6.5 million names excluded from the draft rolls, Dwivedi said, only about 33,000 individual inclusion forms and 25 from parties had been submitted.

"What's really bothering us is -- parties could come up with only 120 cases?" the bench remarked.

While Bhushan alleged "the problem is with transparency," Dwivedi countered, "The problem is with the mindset and they want to disrupt."

Senior counsel Gopal Sankaranarayanan urged the court to clarify that Aadhaar could be submitted even by those receiving deficiency notices now, not just the 6.5 million initially excluded. The bench reiterated that Aadhaar "will have its value under the law and regulations" and asked petitioners to flag specific instances of non-acceptance later.

With ECI assuring that the filing process would remain open in practice, the bench declined to extend the statutory deadline but sought to strengthen voter facilitation through paralegal assistance. It also directed political parties and petitioners to submit affidavits on issues raised in hearings, particularly on disputes around acceptance of claims and objections.

The order came after weeks of sparring in court over the special intensive revision (SIR) of Bihar's electoral rolls, which saw nearly 6.5 million names excluded in the draft rolls published last month. Opposition parties, including the RJD, have accused the Commission of disenfranchising voters and demanded more time for corrections, while ECI has defended the exercise as necessary after nearly two decades without intensive updating.

On August 22, the Supreme Court had clarified that claims could be filed using Aadhaar or any of the 11 approved identity documents, stressing that electoral roll preparation was "not a mere administrative formality but a process with direct implications for a citizen's franchise."

Despite appointing over 1.6 lakh booth-level agents, the bench had also noted that political parties filed only a handful

{ FROM PAGE 1 }

of claims, a fact that again drew sharp comment on Monday. "We would have appreciated that submission had the parties come up with thousands of forms. It is surprising that political parties are asking for exclusions," it observed after Alam argued that the number of claims have sharply increased after the August 22 order on applying with Aadhaar.

The controversy over SIR has emerged as a flashpoint ahead of the Bihar assembly elections later this year, with the INDIA bloc alleging an attempt to skew the rolls, and the Commission urging parties to "assist genuine voters instead of staging demonstrations."

ON AUGUST 22, THE SUPREME COURT HAD CLARIFIED THAT CLAIMS COULD BE FILED USING AADHAAR OR ANY OF THE 11 APPROVED IDENTITY DOCUMENTS

### PM MODI AT SCO

spoke, surrounded by translators, an apparent effort to convey solidarity.

Modi said India believes the three main pillars of SCO are security, connectivity and opportunity, but made the fight against terrorism the thrust of his address at the summit. India, which has been affected by terrorism for four decades, has consistently stressed the importance of unity in combating the menace, he said.

"Recently, we witnessed the most heinous face of terrorism in Pahalgam... This attack was not only an assault on the conscience of India, but also an open challenge to every nation, and every individual who believes in humanity," he said. "In such circumstances, it is natural to ask: Can the open support for terrorism by certain countries ever be acceptable to us?"

Urging all SCO members to clearly and unanimously oppose double standards on terrorism, Modi said: "Together, we must oppose terrorism in every form and manifestation."

The Indian side said ahead of the summit, for which Modi travelled to China for the first time in seven years, that New Delhi expected strong condemnation of cross-border terror in the joint communique. This was the first time Modi and Sharif came face to face since four days of hostilities between India and Pakistan in May, triggered by Indian military strikes on terrorist infrastructure in retaliation for the Pahalgam attack.

The SCO's Regional Anti-Terrorist Structure (SCO-RATS) played a key role in united efforts to counter terror and India took the initiative this year to fight al-Qaeda and other terror groups linked to it by leading a "joint information operation", Modi said.

"We have also proposed enhanced coordination, and joint measures against radicalisation. We have raised our voice firmly against terror financing," he said.

The 10-member bloc listed its commitment to fight terrorism and extremism and urged the world community to combat the cross-border movement of terrorists in the Tianjin Declaration adopted at the conclusion of a two-day summit .

Modi also emphasised the SCO's role in cooperation for reforms of global institutions such as the United Nations and for boosting the development of the Global South.

"To confine the aspirations of the Global South to outdated frameworks is to deny justice to future generations. The colourful dreams of the new generation cannot be displayed on a black-and-white screen. It is time to change the screen," he said.

Noting that strong connectivity opens doors to trade and builds trust and development, Modi said India backs initiatives such as Chabahar port and the International North-South Transport Corridor to boost links with Afghanistan and Central Asia.

However, he cautioned that such ventures must respect sovereignty and territorial integrity – an oblique reference to the China-Pakistan Economic Corridor that is opposed by India since it passes through Pakistan-occupied Kashmir.

"This is also enshrined in the basic principles of the SCO Charter. Connectivity that by-passes sovereignty loses trust and meaning," he said.

The SCO can also benefit from India's wide-ranging reforms, Modi said.

"This is opening up new opportunities for international cooperation along with development in the country. I invite all of you to join India's development journey," he added.

Chinese President Xi highlighted his vision for a new global security and economic order that prioritises the Global South, an apparent challenge to the US.

"We always stand on the side of international fairness and justice, champion inclusiveness and... oppose hegemonism and power politics, thus becoming a proactive force for world peace and development," he said, in a thinly veiled swipe at President Donald Trump's tariff policies.

Describing the SCO as the world's largest regional organisation with a combined economic output of almost $30 trillion, Xi said the bloc's international influence and appeal are increasing.

"We should safeguard the UN-centred international system and support the multilateral trading system with the WTO at its core," he said.

Xi also announced China will implement 100 livelihood projects in SCO member states, provide RMB 2 billion yuan in grants to member states within 2025 and issue an additional RMB 10 billion yuan in loans to member banks of the SCO Interbank Consortium over three years.

Russian President Putin said the SCO brings together like-minded partners committed to "shaping a just, multipolar world order" and the bloc is laying the "political and socio-economic foundations for a new system of stability, security and peaceful development in Eurasia – a system that would replace outdated Eurocentric and Euro-Atlantic models".

### TRUMP ON TARIFFS

ing the 50% tariffs, an expected visit by an American delegation in August for talks to reach a free trade agreement was abruptly put off.

Five rounds of negotiations took place between March and July, with technical teams largely concluding the framework by late June. However, the talks remained deadlocked.

Trump's criticism of India follows comes even as senior aides and officials in Washington have increased public pressure on New Delhi.

White House deputy chief of staff Stephen Miller, Treasury Secretary Scott Bessent and senior trade adviser Peter Navarro have publicly criticised continued Indian purchases of oil from Russia.

Trump's displeasure with India's position on these issues ---as well as India denying that the intervention of the US president led to the cessation of hostilities with Pakistan in May-- have reportedly troubled the bilateral relationship.

According to reports in the US media, Trump no longer plans to travel to India for the Quad leaders' summit, which was scheduled to be held later this year.

# Acquittal of criminals blot on criminal justice system, says top court

**Utkarsh Anand**
letters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** The Supreme Court on Monday underscored that the criminal justice system must protect both sides of the equation — ensuring no innocent is wrongly punished, but equally preventing culprits from walking free on the basis of "unreasonable doubts" and "misapplication of procedure".



**SC cautioned that principle of "beyond reasonable doubt" was often misunderstood.** ANI

"Every instance of acquittal of an actual culprit revolts against the sense of security of the society and acts as a blot on the criminal justice system," a two-judge bench held, while setting aside a Patna high court judgment that had acquitted two men convicted of raping a minor girl in Bihar's Bhojpur district.

The bench cautioned that the principle of "beyond reasonable doubt" was often misunderstood in trial and appellate courts, with minor inconsistencies and procedural lapses being elevated to a level that undermines substantive justice. "A reasonable doubt is one that renders the prosecution version improbable and establishes the existence of an alternate set of facts. It is a serious doubt which must be backed by reason," said the court, warning against "loose acquittals" based on trivial discrepancies.

"The underlying foundation of the principle of beyond reasonable doubt is that no innocent should face punishment for a crime that he has not done. But a flip side of the same, of which we are conscious, is that at times, owing to a misapplication of this principle, actual culprits manage to find their way out of the clutches of law. Such misapplication of this principle, resulting into culprits walking free by taking benefit of doubt, is equally dangerous for the society," said the bench.

Reinstating the life terms awarded by the trial court, the top Court held that the Patna HC had erred in discarding a "fairly consistent and creditworthy case of the prosecution".

## PRADHAN PRAISES NCERT MODULES ON PARTITION, SPACE


**Sanjay Maurya**
letters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** Union education minister Dharmendra Pradhan on Monday praised National Council of Education Research and Training (NCERT) for releasing special modules on India's partition, Operation Sindoor and India's space journey, describing them as a step towards presenting the nation's history and achievements in the right perspective.

Addressing NCERT's 65th Foundation Day, Pradhan said the council is restoring the right perspective, adding that "a few intolerant people, bound by a colonial mindset and viewing India through a Western lens, are naturally uncomfortable with this."

Lauding the council's recent works, the education minister said NCERT has done "extremely commendable" work by including the saga of Operation Sindoor in school curricula and developing modules on the horrors of India's Partition.

"We should never forget the tragedy of Partition. If we don't understand our history in the context of the present, the future generations will be misguided," he said at the event.



# 'Vedic clock to establish glorious time of India'

**HT Correspondent**
letters@hindustantimes.com

**BHOPAL:** Madhya Pradesh chief minister Mohan Yadav on Monday launched the Vikramaditya Vedic clock, based on Indian timekeeping methods, and its mobile application, officials aware of the matter said.

"Through this clock, the glorious time of India is being established. The balance of heritage-development-nature and technology will be demonstrated by the Vikramaditya Vedic clock," Yadav said at the inauguration.

"Through this app, which includes more than 189 languages, people will be able to get the calendar and rare religious information of 7,000 years very easily."

UNDER THE VEDIC CLOCK, EACH DAY COMPRISES OF 30 HOURS THAT ARE 48 MINUTES LONG

Under the Vedic Clock, each day comprises of 30 hours that are 48 minutes long.

The CM said that Indian scriptures calculate time with extraordinary precision — one day is counted from sunrise to sunrise, divided into 30 "muhurats".

"Unlike the West, where dissent in time calculation once led to capital punishment, the Sanatan tradition has always encouraged open debate and diversity of thought," Yadav said.

## VP POLLS: EC ASKS PB CEO TO ISSUE POSTAL BALLOT TO AMRITPAL SINGH

**CHANDIGARH:** Jailed Khadoor Sahib MP Amritpal Singh will cast his vote in the September 9 vice presidential election through postal ballot in Assam's Dibrugarh prison, according to a statement issued on Monday.

The Election Commission (EC) issued instructions for the facilitation of voting by Singh, who is also a member of the electoral college for the vice presidential election, the statement issued by the office of the Punjab chief electoral officer (CEO) said.

In accordance with the provisions of Rule 26 of the Presidential and Vice-Presidential Elections Rules, 1974, the EC has directed that a postal ballot paper be issued to Singh, the statement said. PTI

**I.C.A.R.-Indian Agricultural Statistics Research Institute**
**Library Avenue, Pusa, New Delhi-110012**
**Advertisement Notice (Interview)**

Online Interview via Video Conferencing shall be held on 24.09.2025 for the post **02 Research Associate/Senior Research Fellow, 01 Project Manager & 01 IT Professional-III and for 02 IT Professional-II, 03 Young Professional-II & 01 Young Professional-II(IT)** on 25.09.2025 and the last date for candidates for applying shall be 18.09.2025 on contractual basis for the projects running in the Institute and will be co-terminus with the project. The incumbent shall not have any claim for regular appointment under ICAR-IASRI. The details of eligibility conditions and other relevant information are available on the Institute's website **https://www.iasri.res.in/Emp_vacancy.aspx**

Sd/-
File No. 1(5)/2025-Admin.-I(Rectt.Cell) **Assistant Administrative Officer**

**NATIONAL EDUCATION SOCIETY FOR TRIBAL STUDENTS (NESTS)**
**Ministry of Tribal Affairs**
**Jeevan Tara Building, Parliament Street, New Delhi-110001**

**NOTICE**

**Extension of Medical Facilities to NESTS Employees and Dependents at CGHS Rates – reg.**

The National Education Society for Tribal Students (NESTS) invites **CGHS-empaneled hospitals located in Delhi/NCR to extend medical facilities (IPD/OPD) to serving employees of NESTS and their dependents on a cash payment basis at CGHS-approved rates** for all approved specialties and services.

Hospitals willing to extend such facilities may convey their **formal acceptance** till 31st August, 2025 and contact at following e-mail IDs for further details and signing of MoU.


**Contact:** ashutoshtiwari.nests@tribal.gov.in or agnihortri.harsh@tribal.gov.in

**Deputy COMMISSIONER**
**NESTS, New Delh**

**I.C.A.R.-Indian Agricultural Statistics Research Institute**
**Library Avenue, Pusa, New Delhi-110012**
**Advertisement Notice (Interview)**

Walk-in-Interview shall be held in the Institute premises for filling up positions of **01 Research Associate, 02 Senior Research Fellow, 02 Young Professional-II (IT)** on 23.09.2025 from 10.30 am onwards on contractual basis in various projects running in the Institute and shall be co-terminus with the project. The incumbent shall not have any claim for regular appointment under ICAR-IASRI. The details of eligibility conditions and other relevant information are available on the Institute's website **https://www.iasri.res.in/Emp_vacancy.aspx**

Sd/-
File No. 1(4)/2022-Rectt.Cell **Assistant Administrative Officer**




**Petronet LNG Limited**
**Regd. Office:** World Trade Centre, Babar Road, Barakhamba Lane, New Delhi - 110001 **Phone:** 011-71233525
**CIN:** L74899DL1998PLC093073
**Email:** investors@petronetlng.in **Company's website:** www.petronetlng.in

**CORRIGENDUM TO THE ANNUAL REPORT FOR THE FINANCIAL YEAR 2024-25**

This Corrigendum is in relation to the Annual Report for FY 2024-25 emailed to the shareholders and other stakeholders of the Company on 29th August 2025 along with the Notice convening 27th (twenty-seventh) Annual General Meeting of the Members of Petronet LNG Limited (PLL) to be held on Wednesday, 24th September 2025 at 3:30 P.M. (IST) via Video Conference (VC)/ Other Audio-Visual Means (OAVM). The intimation w.r.t. Notice of 27th Annual General Meeting was also published on 30th August 2025 in Hindustan Times (English) in all editions and Dainik Bhaskar (Hindi) in NCR region. With reference to above, it is hereby informed that due to inadvertent typographical errors in the figures on top of Page No.18 titled 'Performance Highlights for the FY 2024-25' of the Annual Report of the Company for the FY 2024-25, the said page has been replaced with the revised page after correcting such typographical errors and the heading of the page and Annual Report for the FY 2024-25 has been updated accordingly.

The updated Annual Report of the Company for the FY 2024-25 is available on the Company's website at www.petronetlng.in and on the website of the Stock Exchanges, i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at www.bseindia.com and www.nseindia.com respectively, and on the website of e-voting agency i.e. National Securities Depository Limited (NSDL) at www.evoting.nsdl.com.

We further wish to inform that the said inadvertent typographical errors have no impact on the Notice of 27th AGM, Directors' Report along with its Annexures and financial statements of the Company for the financial year ended 31st March 2025 and that Annual Report for the FY 2024-25 should be read in conjunction with this corrigendum.

Any inconvenience caused is regretted.

By order of the Board
For Petronet LNG Limited

Sd/-
(Rajan Kapur)
GGM & President - Company Secretary

Place : New Delhi
Date : 01.09.2025

**Note : No gifts, gift coupons or cash in lieu of gifts shall be distributed to Members in the context of 27th Annual General Meeting.**

**DIRECTORATE OF EMPLOYMENT**
**GOVT. OF NCT OF DELHI**
**DATA CENTRE**
**District Employment Exchange Building**
**Vishwas Nagar, Shahdara, Delhi-110032**

**PUBLIC NOTICE**

**(Kind Attention: - Employers and Jobseekers in Delhi)**

All the employers and jobseekers in Delhi are requested to register themselves with the online employment portal (**https://onlineemploymentportal.delhi.gov.in**) to avail the benefits of the job-related opportunities in Delhi. For further assistance/details, please Contact:

Date Centre Office: - Ph. 011-20822381, 011-20822389

Email ID: **datahub.emp09@gmail.com**

**JT. SECRETARY**
DIP/Shabdarth/Classified/0235/25-26 **Dte. of EMPLOYMENT**

**CHITTARANJAN LOCOMOTIVE WORKS**
**E-Tender Notice**

E-Open Tenders are invited for and on behalf of the President of India for the following work: **Sl. No.: [1]. Tender No. : NDTLAB-AMC-X-RAY-25-01-RT. Name of Work:** Non Comprehensive Annual Maintenance Contract of X-Ray machine (1no.), Balto spot Ceram 35 & Hand-X (Tube S/no. 2120787/01 & Panel S/no: 2120794/01) for 2 years, Chittaranjan Locomotive Works, Chittaranjan. **Tender Value (Rupees): ₹2,59,600/-. Cost of Tender Document (Rupees):** Nil. **Earnest Money Deposit (Rupees): ₹5,200/-. Period of Completion:** 02 years. **NOTE: (i) Date of Closing: 26-09-2025 at 15:00 hrs. (ii)** Complete details can be seen in the Railway website **www.ireps.gov.in. (iii) Contact No. : 9163340320. (iv) Email Id: dycmeelf@clw.railnet.gov.in.**
PR7/191 CMT/Lab./CLW/CRJ.
**Like us on: www.facebook.com/clwrailways**

**S. E. RAILWAY – TENDER**

**Tender Notice No.: e-Tender/2025/08/3, Date: 28.08.2025.** For and on behalf of President of India, the Divisional Railway Manager (Engg.), South Eastern Railway, Kharagpur-721301 invites e-tender for the following work **before 15.00 hrs.** on the date mentioned against item and will be **opened at 15.30 hrs. Tender No.: E-KGPW-DEN-09-2025. Description of work:** Upgradation and augmentation of infrastructure facilities of Electrical Shop for maintenance of Coaching Stock at Kharagpur Workshop under the jurisdiction of ADEN/WSP/Kharagpur Workshop. **Tender Value:** ₹ 5,88,54,339.36. **Earnest Money:** ₹ 4,44,300. **Tender Document Cost:** ₹ 0. **Date of Opening:** 09.10.2025. **Completion Period of the work:** 12 months. **Bidding start date:** From 25.09.2025 and up to 15.00 hrs. on 09.10.2025. Interested tenderers may visit website **www.ireps.gov.in** for full details/ descriptions/specification of the tenders and submit their bids online. In no case manual tender for this work will be accepted. **N.B.:** Prospective bidders may regularly visit **www.ireps.gov.in** to participate in all tenders. **(PR-577)**

**भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान मोहाली**
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
**INDIAN INSTITUTE OF SCIENCE EDUCATION AND RESEARCH MOHALI**
**(Ministry of Education, Govt. of India)**

Advt. No. IISERM/NF (02)/Regular/2025-26
Dated: 02.09.2025

Applications are invited for filling up one post of Deputy Librarian at Indian Institute of Science Education and Research (IISER) Mohali, an Institute of National Importance, on direct recruitment basis:

| Sl.No. | Name of post | Pay scale | No. of posts |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | Deputy Librarian | Level 12 (as per 7th CPC) | 01 UR |

For more details on qualification, experience, terms and conditions etc. and submission of online application forms, candidates may refer the Institute **website: www.iisermohali.ac.in.** Last date for submission of online application form is 30.09.2025 up to 05:00 PM and last date for receipt of hard copy at IISER Mohali is 07.10.2025.

**REGISTRAR, IISER Mohali**

**NORTHERN RAILWAY**
**TENDER NOTICE**

For and on behalf of the President of India, the Deputy Chief Mechanical Engineer (Train Set), 'Northern Railway; Charbagh Workshop, Lucknow invites following e-tender from Reputed firms for works as given below: **Tender No.: W-CB-T05-Spring-2025**; **Name of Work:** Maintenance of ICF/ DEMU/ MEMU Springs (Degreasing and jet cleaning, Shot/Grid Blasting, EMCD Testing, Load testing, Painting and Stacking) as per scope of work; **Estimated Cost of Work:** ₹ 10,49,54,585.48/-; **Earnest Money/ Bid Security:** Rs. 6,74,800/- Only; **Cost of Tender Form:** 0/- Only; **Period of Contract:** 60 Months; **Date & Time for Submission of Tender:** from 11.09.2025 to 25.09.2025 up to 15:00 Hrs. **Date & Time for Opening of Tender:** after 15:15 Hrs. on 25.09.2025. • The tender form may be submitted on the website **www.ireps.gov.in** from 11.09.2025 to 25.09.2025 (up to 15:00 Hrs.). • Mannual offers are not allowed against this tender, any such mannual offer received shall be ignored. • Contractors are allowed to make payment against this tender towards tender document cost and Earnest Money /Bid security only cash through e-payment gateway or submitted as Bank Guarantee bond from a scheduled commercial bank of India or as mentioned in tender documents. • The tender will be opened on specified date and time as above. In case the above date is a holiday the tender opening would be conducted at the same times on the next working day. • No post tender correspondance for submission of additional documents shall be entertained after opening the technical & commercial offers. Even suo-moto post letter of the tender shall be treated as NULL & Void.

**Tender Notice No: W-CB-T05- Spring-2025 Date: 01.09.2025**

**SERVING CUSTOMERS WITH A SMILE** 2645/25

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
YEIDA FUTURE IS HERE
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी–2, सैक्टर–ओमेगा–1, ग्रेटर नौएडा सिटी, जनपद गौतमबुद्धनगर–201308 (उ0प्र0)
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट : www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक :– वाई.ई.आई.डी.ए / संस्थागत / 3634 / 2025 दिनांक : 01.09.2025

**सार्वजनिक सूचना**

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में संस्थागत भूखण्डों Hospital & Child Welfare and Maternity Centre के आवंटन हेतु योजना: YEA/INST 2025-26/01 दिनांक 18.06.2025 से प्रारम्भ की गयी थी, जिसमें आवेदन की अन्तिम तिथि 30.08.2025 थी, प्रश्नगत निविदाओं में प्रतिभाग करने की तिथियों में निम्नानुसार विस्तार किया जाता हैं:–

| | |
| --- | --- |
| **Date of Closing** | : 15.09.2025 (05:00 PM) |
| **Date & Timing for Display of Name of Qualified/Disqualified Bidder** | : 10.10.2025 (05:00 PM) |
| **Date & Time of E-Auction** | : 13.10.2025 (11:00 AM to 2:00 PM) |

**विशेष कार्याधिकारी**

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मास्टर प्लान के अतिरिक्त प्लॉटिंग / हाउसिंग / कॉलोनी या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह से अवैध है। सामान्यजन इस प्रकार की खरीद – फरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाइजर के भ्रामक विज्ञापनों से बचें। अधिक जानकारी के लिए प्राधिकरण की वेबसाइट www.yamunaexpresswayauthority.com देखें।





राजस्थान विस मानसून सत्र; स्पीकर देवनानी ने नारेबाजी करने पर पक्ष-विपक्ष को फटकारा

# आगाज ही हंगामेदार; 'वोट चोरी' पर भाजपा और कांग्रेस विधायक भिड़े, तख्तियां लहराईं

**जयपुर |** राजस्थान की 16वीं विधानसभा के चौथे सत्र की शुरुआत सोमवार को कांग्रेस विधायकों के हंगामे के साथ हुई। कांग्रेस विधायक दल ने विधायक आवास से सदन तक 'वोट चोर गद्दी छोड़' नारा लगाते हुए रैली निकाली। यह नारेबाजी तब भी बंद नहीं हुई, जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई। शोकाभिव्यक्ति तक स्पीकर वासुदेव देवनानी और विपक्ष के बीच भी तकरार चली। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के नेतृत्व में आए कांग्रेस विधायकों ने टी-शर्ट पहन रखी थी जिस पर 'वोट चोर गद्दी छोड़' का नारा लिखा था। सचिन पायलट भी साथ थे।

भाजपा विधायकों ने कांग्रेस के नारे का जवाब 'गालीबाज राहुल गांधी' नारा लगाकर दिया। स्पीकर ने भाजपा विधायकों को टोका और कहा कि सदन चलाना है, आप तो ऐसा मत कीजिए। सदन में भी कांग्रेस विधायक नारे लिखी तख्तियां लेकर पहुंच गए। तख्तियां लहराई तो स्पीकर देवनानी ने कड़ी आपत्ति जताई।

नारे लिखे टी-शर्ट पहनकर कांग्रेसियों की एंट्री




### वोट चोरी की पूरी जांच की जानी चाहिए

*वोट चोरी की कोशिश बिहार या कर्नाटक में ही नहीं की जा रही है, हरियाणा, महाराष्ट्र और राजस्थान में हुई है। जांच होनी चाहिए और जो लोग भाजपा के वेष में चुनाव आयोग में बैठे हैं, उनको भी बाहर करें।*
**-टीका राम जूली,** नेता प्रतिपक्ष

### घटनाओं के प्रस्ताव मंगवाए हैं : स्पीकर

*झालावाड़ घटना जैसे संवेदनशील मुद्दों पर राजनीति न हो। नेता प्रतिपक्ष को सर्वदलीय बैठक में प्रस्ताव रखना चाहिए था। उन्होंने बैठक में भाग नहीं लिया। सभी घटनाओं के प्रस्ताव शिक्षा विभाग से मंगवाए हैं।*
**-वासुदेव देवनानी,** स्पीकर राजस्थान विधानसभा

### बच्चों की मौत पर शोक नहीं जताने पर आपत्ति

झालावाड़ में स्कूल भवन गिरने की घटना में मारे गए बच्चों के प्रति शोक नहीं जताने पर भी हंगामा हुआ। कांग्रेस विधायकों ने स्पीकर से कहा कि वे बच्चों के प्रति भी तो शोक व्यक्त करें, मौन रखवाएं।

### अंता विस सीट रिक्त होने की सूचना दी

राजस्थान कोचिंग सेंटर विधेयक - 2025 पर प्रवर समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। अंता से भाजपा कवंरलाल के दोषसिद्ध होने पर सदस्यता रद्द की गई थी। ऐसे स्पीकर ने सदन में अंता सीट के रिक्त होने की सूचना भी दी।

### बच्ची से दुष्कर्म मामले में दोषी को 20 साल की सजा

**सूरत |** पांडेसरा इलाके में छह वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया था। 18 वर्षीय आरोपी सूर्यकुमार महंता को पांचवें एडिशनल सेशंस जज जयेशकुमार श्रीमाली ने दोषी ठहराते हुए 20 साल की सजा सुनाई। मामले की विवरण के अनुसार, 19 मई 2022 को बच्ची के माता-पिता घर में सो रहे थे, जबकि बच्ची घर के बाहर लाई में सो रही थी। आरोपी महंता वहां से गुजर रहा था और उसने बच्ची को उठाकर अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

## जोधपुर में माचिया किले को तीर्थस्थल की तरह विकसित करेंगे : शेखावत

**जोधपुर |** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को ऐतिहासिक माचिया किले पहुंच कर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित किए। स्वतंत्रता सेनानियों के इस पवित्र स्थल को विकसित करने के साथ माचिया पार्क का द्वितीय चरण में पर्यटन की दृष्टि से विकास करवाने पर अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने पुराने किले का अवलोकन किया।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने बताया कि जोधपुर शहर से करीब 12 किलोमीटर दूर स्थित माचिया किला रियासतकालीन है। इसे अंग्रेजों ने जेल में बदल दिया था। जेल में उन स्वतंत्रता सेनानियों को प्रताड़ना के लिए लाया जाता था, जो देश को आजादी दिलाने के लिए पूरे भारत में स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ रहे थे। इस दौरान कई सेनानियों ने अपनी जान गंवाई तो कई को अंग्रेजों ने गिरफ्तार कर प्रताड़ित किया था। 30 से 32 स्वतंत्रता सेनानियों को जोधपुर जेल से निकालकर काला पानी की सजा देने के लिए माचिया किले में 1942 से 1943 के बीच 8 महीनों तक भयंकर प्रताड़ना दी गई। उस दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को उनसे मिलने नहीं देते थे। कुछ परिजनों को 10 फीट की दूरी और छोटे-छोटे झरोखे से कुछ मिनट बात करने दी जाती थी। वर्तमान में करीब 3 लाख पर्यटक प्रतिवर्ष आ रहे हैं। इस ऐतिहासिक स्थल को पवित्र तीर्थस्थल की तरह विकसित कर देश-विदेश के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनाया जाएगा।

## पत्नी ने शराब पीने को लेकर डांटा तो आहत होकर वृद्ध ने तेजाब पीकर जान दे दी

**सूरत |** उधना में रहने वाले एक वृद्ध ने तेजाब पीकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को आशंका है कि पत्नी द्वारा शराब पीने को लेकर डांटने से आहत होकर वृद्ध ने आत्महत्या का कदम उठाया हो। सिविल अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, मूल रूप से उत्तर प्रदेश निवासी और वर्तमान में उधना क्षेत्र के मफत नगर में रहने वाले 60 वर्षीय श्याम राव भाई माणिक बोडसे सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करते थे और अपने परिवार के साथ रहते थे।

**सीकर** • विभाग ने 21 अगस्त को दिए थे आदेश, पर कार्रवाई नहीं

# जान पर भारी लापरवाही; 20 दिन में भी नहीं तोड़े जर्जर भवन...इन्हीं में पढ़ रहे बच्चे

रविंद्रसिंह राठौड़ | सीकर

झालावाड़ के पीपलोदी गांव में 25 जुलाई को जर्जर स्कूल भवन की छत गिरने से 7 बच्चों की मौत हो गई थी। इस हादसे के बाद भी शिक्षा विभाग के अधिकारी कार्यशैली नहीं सुधार रहे हैं। सीकर जिले के 17 स्कूल भवनों को जर्जर मानते हुए विभाग ने 21 अगस्त को इन्हें तोड़ने के आदेश जारी कर दिए थे। इसके बावजूद अधिकारी इतने लापरवाह हैं कि अभी भी ऐसे चार जर्जर भवनों में स्कूल चलाए जा रहे हैं। इनमें कुल 469 बच्चे पढ़ रहे हैं। पीपलोदी हादसे के बाद विभाग ने 24 जुलाई से 6 अगस्त के बीच जिले के सभी सरकारी स्कूलों का निरीक्षण कराया था और उसकी रिपोर्ट के आधार पर ही 17 भवनों को जर्जर मानते हुए गिराने का फैसला किया गया था। 17 में से चार स्कूलों के पूरे भवन को गिराने के आदेश हुए थे, जबकि अन्य भवनों के 70 कमरे, एक पुस्तकालय कक्ष, पानी का टैंक, शौचालय और एक स्कूल में ए ब्लॉक के पूरे क्लास रूम को गिराने का फैसला किया गया था। भास्कर को इस बारे में शिकायत मिली, तो टीम ने तीन स्कूल भवनों को चैक किया।





खंडे के सहारे स्कूल की छत और बाहर बैठकर पढ़ाई करते बच्चे।

### जर्जर स्कूल तोड़ने के आदेश सिर्फ कागजों में किए गए

क्लास में बैठे बच्चों व शिक्षकों की नजरें किताबों में कम और दीवारों व छतों की दरारों पर ज्यादा टिकी रहती हैं। भवनों को गिराने के आदेश भी केवल कागजों में हुए है। विभाग ने ना तो अब तक इन भवनों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की है और ना ही इन्हें दूसरे भवनों में शिफ्ट किया गया है।

### झालावाड़ की घटना के बाद किया था सर्वे

झालावाड़ में हादसे के बाद जिले में विभाग ने स्कूल भवनों का सर्वे शुरू किया। एसडीओ, शिक्षा अधिकारियों ने 1671 स्कूलों का सर्वे किया था।शिक्षा विभाग की ओर से भी 1040 स्कूलों व 31 संस्कृत स्कूलों के भवनों की मरम्मत के प्रस्ताव बनाकर बजट के लिए भेजे जा रहे हैं।

*जमींदोज करने के आदेश होने के साथ ही पाबंद किया गया था कि इन भवनों में विद्यार्थियों को नहीं बैठाना है। इसके बावजूद अगर विद्यार्थी इन स्कूलों में बैठ रहे हैं, तो इसके लिए संस्था प्रधान जिम्मेदार हैं।*
**-मुकेश जैमन,** मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सीकर

### संघ प्रमुख भागवत 8 दिन के प्रवास पर जोधपुर पहुंचे

**जोधपुर |** आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत सोमवार को 8 दिन के प्रवास पर जोधपुर पहुंचे।



भागवत सीधे आदर्श डिफेंस स्पोर्ट्स एकेडमी लाल सागर पहुंचे। भागवत 5 से 7 सितंबर तक होने वाली समन्वयक बैठक में भी शामिल होंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वय बैठक लालसागर स्थित आदर्श विद्या मंदिर में होगी। समन्वयक बैठक पिछले साल सितंबर में पालक्काड़ (केरल) में हुई थी, बैठक में संघ प्रेरित 32 विविध संगठनों के अध्यक्ष, महामंत्री व संगठन महामंत्री सहित प्रमुख पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। इनमें सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित छह सह सरकार्यवाह मौजूद रहेंगे।

आरपीएससी पर टिप्पणी के खिलाफ खंडपीठ में अपील करेंगे

# हाई कोर्ट टिप्पणी के बाद RPSC सदस्य मंजू शर्मा ने इस्तीफा दिया

**अजमेर/जयपुर |** एसआई भर्ती 2021 पेपर लीक मामले में हाईकोर्ट की टिप्पणी के बाद राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) सदस्य मंजू शर्मा ने सोमवार को पद से इस्तीफा दे दिया है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे को भेजे अपने इस्तीफे में मंजू शर्मा ने लिखा 'मैंने अपना पूरा कार्यकारी और निजी जीवन अत्यन्त पारदर्शिता और ईमानदारी से काम करते हुए व्यतीत किया है।' पिछले दिनों एक भर्ती प्रक्रिया में उत्पन्न हुए विवाद के कारण मेरी व्यक्तिगत प्रतिष्ठा और आयोग की गरिमा प्रभावित हुई है, जबकि मेरे विरुद्ध किसी भी थाने अथवा जांच एजेंसी में जांच लंबित नहीं है। न ही मुझे किसी भी मामले में कभी भी आरोपी माना गया है। फिर भी सार्वजनिक जीवन में पवित्रता की सदैव पक्षधर होने के कारण आयोग की गरिमा, निष्पक्षता और पारदर्शिता को सर्वोपरि मानते हुए मैं स्वेच्छा से आरपीएससी के सदस्य पद से अपना इस्तीफा दे रही हूं।



### रामूराम राईका सहित 23 को हाईकोर्ट से मिली जमानत

**जयपुर |** एसआई भर्तीः 2021 पेपर लीक मामले में हाईकोर्ट ने आरपीएससी के पूर्व सदस्य रामूराम राईका सहित 23 आरोपियों को जमानत दे दी। 30 आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी। जस्टिस अशोक कुमार जैन ने यह आदेश दिया। अदालत ने 19 अगस्त को फैसला सुरक्षित रख लिया था। राईका सहित अन्य आरोपियों का कहना था कि चालान पेश हो चुका है। अब अनुसंधान बाकी नहीं है। वे लंबे समय से जेल में बंद है। राज्य सरकार के विशेष अभियोजक अनुराग शर्मा ने कहा कि आरोपियों ने भर्ती की गोपनीयता भंग की है।

### परीक्षा की तैयारी कर रहे युवक ने पढ़ाई में तनाव के कारण किया सुसाइड

**सूरत |** रांदेर स्थित एक सरकारी कॉलोनी में रहने वाले एक युवक ने अपने घर की नौवीं मंजिल की गैलरी से कूदकर आत्महत्या कर ली। आशंका है कि सरकारी नौकरी की परीक्षा की तैयारी कर रहे युवक ने पढ़ाई के तनाव के कारण आत्महत्या जैसा कदम उठाया। सिविल अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, मूल रूप से नवसारी निवासी और वर्तमान में रांदेर-राम नगर स्थित एक सरकारी कॉलोनी की नौवीं मंजिल पर स्थित फ्लैट में रहने वाले 29 वर्षीय कुणाल नवीनभाई पटेल अपनी मां और बहन के साथ रहते थे। उनके पिता अपने पैतृक गांव नवसारी में खेती करते हैं। जबकि एक अन्य बहन की शादी हो चुकी है। कुणाल वर्तमान में सरकारी नौकरी की परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। सोमवार दोपहर कुणाल ने अपने घर की नौवीं मंजिल की गैलरी से छलांग लगा दी। जिससे गंभीर चोटों के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

## ट्रेन के कोच में पानी खत्म होने पर एआई से मिलेगा अलर्ट

भास्कर न्यूज़ | कोटा

ट्रेन के कोच में पानी की निगरानी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) करेगा। रेलवे बोर्ड ने इसका प्लान तैयार किया है। पश्चिम-मध्य रेलवे के भोपाल मंडल की दो व कोटा मंडल की एक ट्रेन में इस तकनीक को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया जा चुका है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि कोच की टंकी में पानी 30 प्रतिशत से कम होने के साथ संबंधित सुपरवाइजर और वाटरिंग स्टेशन को अलर्ट मिल जाएगा। ट्रेन के पानी भरने की सुविधा वाले स्टेशन पर पहुंचते ही संबंधित कर्मचारी उस कोच की टंकी में पानी भरेगा। यदि प्रयोग सफल रहा तो दूसरी गाड़ियों में भी सिस्टम लगाया जाएगा।

**एआई सिस्टम ऐसे काम करेगाः** सीनियर डीसीएम सौरभ जैन ने बताया कि सिस्टम हर कोच व सभी स्टेशनों से जुड़ा होगा। इस तरह ट्रेन के रास्ते के हर संबंधित स्टेशन पर कोच में पानी की उपलब्धता की जानकारी आगे से आगे मिलेगी। अगले स्टेशन पर ट्रेन में पानी भरने की तुरंत व्यवस्था रहेगी।

### सूरत : वृद्धा की गले से सोने की चेन छीनकर बदमाश फरार

**सूरत |** शुक्रवार शाम रांदेर के पालनपुरा पाटिया इलाके में कटलरी खरीदने निकली एक वृद्धा की गले से लगभग 45 हजार रुपए की सोने की चेन छीनकर एक बदमाश फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, रांदेर पालनपुरा पाटिया स्थित अपना घर सोसाइटी निवासी 66 वर्षीय मंजूलाबेन हसमुखभाई मोदी 30 अगस्त शनिवार को शाम लगभग चार बजे अपने घर से पालनपुरा स्थित मानसी बॉम्बे बाजार कटलरी खरीदने के लिए निकली थीं।

## अहमदाबाद एयरपोर्ट से ₹2.56 करोड़ का सोना जब्त, 3 गिरफ्तार

मोजे में छिपाकर लाए थे 2.65 किलो सोने का पेस्ट

भास्कर न्यूज़ | अहमदाबाद

अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयर पोर्ट से कस्टम विभाग ने ₹2.56 करोड़ का 2.65 किलो सोना जब्त किया है। दुबई से इंडिगो की फ्लाइट में यात्री मोजे में छिपाकर सोने के पेस्ट के 6 सिल्वर रंग के पाउच अहमदाबाद लाए थे। कस्टम विभाग ने 1 पुरुष और 2 महिलाओं सहित 3 यात्रियों को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार, अहमदाबाद एयरपोर्ट के कस्टम विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को इंडिगो की फ्लाइट सं. 6E 1478 में दुबई से अहमदाबाद आ रहे 1 पुरुष और 2 महिला यात्रियों को रोका। जांच के दौरान तीनों यात्रियों के मोजे में छिपाए गए 6 सिल्वर रंग के पाउच मिले। इनकी जांच करने पर 2.650 किलोग्राम सोने का पेस्ट मिला, जिसका बाजार मूल्य ₹2.56 करोड़ है। इसलिए, कस्टम विभाग ने सीमा शुल्क अधिनियम 1962 के तहत सभी वस्तुएं जब्त कर ली और तीनों यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया है।





### गोंडल सेतुबंध डैम से वृद्ध का शव मिला, थैले से मिला 'रामदास' लिखा कागज

**गोंडल |** गोंडल में आशापुरा डैम के पास सेतुबंध डैम से सोमवार को एक अज्ञात वृद्ध का शव तैरता हुआ मिला। एक स्थानीय नागरिक ने आपातकालीन नंबर 112 पर सूचना दी तो गोंडल फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। मृतक के पास से एक बैग मिला है। बैग में धोती और गाउन जैसे कपड़े और अस्पताल के कुछ कागजात थे, जिस पर "रामदास' लिखा है। पुलिस इसके आधार पर मृतक की पहचान करने की कोशिश कर रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गोंडल सिविल अस्पताल भेजा है। घटना के बाद गोंडल शहर पुलिस के ए-बी डिवीजन में सरहद को लेकर विवाद हुआ। पुलिस कागजात व अन्य साक्ष्यों के आधार पर मृतक के परिजनों की तलाश कर रही है।

## गणेश विसर्जन में तालाब में डूबे पिता-पुत्रों की शव यात्रा निकली

जामनगर में 2 बेटों के साथ पिता तालाब में गया था

भास्कर न्यूज़ | जामनगर

जामनगर के रामेश्वरनगर में प्रजापति परिवार के पिता और 2 बेटों की रविवार को गणेश विसर्जन के दौरान तालाब में डूबने से मौत हो गई, जिनका सोमवार को अंतिम संस्कार किया गया। पिता और दोनों बेटों की एक साथ निकली अंतिम यात्रा से पूरे गांव में मातम पसर गया। बच्चों के शवों से लिपटकर रोती मां को देख मौजूद सभी लोगों की आंखें नम हो गईं।

विदित हो कि जामनगर के रामेश्वरनगर निवासी 36 वर्षीय प्रीतेश दिनेश प्रजापति (रावल) रविवार को परिवार के साथ गणेश विसर्जन के लिए नाघेड़ी के पास लहर तालाब गए थे, जहां प्रीतेश अपने बेटे 4 वर्षीय अंश और 16 वर्षीय संजय के साथ गहरे गड्ढे में डूब गए, जिससे तीनों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पंचकोशी पुलिस मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम ने पिता और दोनों बच्चों के शव तालाब से बरामद किए। शवों को जामनगर के जीजी अस्पताल ले जाया गया, जहां पोस्टमॉर्टम के बाद तीनों शव परिवार को सौंपे गए।



**घटना रिकंस्ट्रक्शन** • रस्सियों से बांधकर लंगड़ाते हुए घुमाया, जय श्री राम के नारे लगे

# वडोदराः गणेश प्रतिमा पर अंडे फेंकने के मामले में महिला समेत और 4 गिरफ्तार, 3 का जुलूस निकाला

भास्कर न्यूज़ | वडोदरा

वडोदरा में गणपति की मूर्ति पर अंडे फेंकने के मामले में शहर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस घटना में शामिल और 3 आरोपी समीर, अनस और जुनैद को गिरफ्तार कर उनका जुलूस निकाला, जिसमें तीनों ने हाथ जोड़कर माफी मांगी। आरोपियों को रस्सियों से बांधकर इलाके में घुमाया गया। जुलूस के दौरान आरोपी लंगड़ाते हुए दिखाई दिए और उन्हें चलने में दिक्कत हो रही थी। पुलिस ने एक और आरोपी महिला को भी गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी जुनैद सिंधी से पूछताछ में उसकी मां सादिका सिंधी के शामिल होने की जानकारी मिली, जिसे अजमेर से गिरफ्तार किया गया। सादिका पूरी घटना की साजिश में शामिल थी। पुलिस ने आरोपियों से अंडे खरीदने और फेंकने की जगह के बारे में जानकारी हासिल की। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने 'जय श्री राम' और 'वडोदरा पुलिस जिंदाबाद' के नारे लगाकर पुलिस कार्रवाई का समर्थन किया।



**वडोदरा में देर रात फिर पथराव**

### पूर्व मेयर बोले- अंडे-पत्थर देख डर लगे ऐसी सजा दें

वडोदरा के तरसाली में दिवालीपुरा स्लम क्वाट्र्स में रविवार की देर रात गणपति पंडाल के पास पथराव की सूचना मिली। DCP, ACP और PI का काफिला ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच-तलाशी की। पूर्व मेयर नीलेश राठौड़ ने कहा कि इन तत्वों को ऐसी सजा मिलनी चाहिए कि अंडा फेंकने वाला अंडा देखकर और पत्थर फेंकने वाला पत्थर देखकर डर जाए, ताकि उनकी आने वाली पीढ़ी भी ऐसा न करे।

**हादसा** • पलसाणा की संतोष टेक्सटाइल मिल में ड्रम वॉशर फटा, कई मजदूर झुलसे, कई अंदर फंसे

# बारडोलीः कपड़ा मिल में ड्रम फटने से लगी आग; 2 की मौत, 20 से ज्यादा महिला और श्रमिक घायल

भास्कर न्यूज़ | बारडोली

सूरत जिले के पलसाणा तालुका के जोलवा गांव संतोष टेक्सटाइल मिल में बॉयलर का ड्रम वॉशर फटने के बाद भीषण आग लग गई। इस अफरा-तफरी में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा मजदूर घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग, पुलिस और 108 एम्बुलेंस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। मिली जानकारी के अनुसार, पलसाणा के जोलवा स्थित संतोष टेक्सटाइल मिल में काम चल रहा था, तभी बॉयलर की ड्रम वॉशर मशीन अचानक फट गई। इस समय वहां कई मजदूर और कर्मचारी काम कर रहे थे। ड्रम फटने की भयानक आवाज से पूरे इलाके में दहशत फैल गई।

### घायलों में महिलाएं ज्यादाः कडोदरा, PEPL, बारडोली, सूरत फायर टीम ने रेस्क्यू किया



ड्रम वॉशर क्षेत्र में खास तौर पर महिला मजदूर बड़ी संख्या में काम कर रही थीं। इसलिए, बताया जा रहा है कि घायलों में महिलाओं की संख्या ज्यादा है। ड्रम वॉशर फटते ही जोरदार धमाका हुआ और इसका असर आसपास की मिलों पर भी पड़ा। लोगों ने बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को बाहर निकाला गया। हालांकि, 15 मिनट बाद ही मिल में आग लग गई, जिससे अफरा-तफरी मच गई। कामरेज प्रांतीय अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और हादसे में 2 मजदूरों की मौत की पुष्टि की।

### शेड तोड़कर श्रमिकों को निकाला, आस-पास की मिलें बंद कराईं

ड्रम वॉशर फटने के बाद मिल में फंसे श्रमिकों को पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत से शेड तोड़कर बाहर निकाला। तेज धमाके से आस-पास की मिलें भी हिल गईं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और मामलातदार समेत प्रशासन टीम मौके पर पहुंची और एहतियात के तौर पर आस-पास की मिलें बंद करवा दीं। आग लगने से बारडोली-सूरत रोड पर ट्रैफिक जाम हो गया।

**भास्कर इनसाइड** फंसे मजदूरों को बचाते समय लगी आग

जोलवा की संतोष फैक्ट्री प्रा.लि. में सोमवार दोपहर करीब 3:15 बजे ड्रम वॉशर मशीन फट गया। घटना के बाद करीब 40 मिनट तक पुलिस और दमकल टीम ने खतरनाक रूप से जली ड्रम वॉशर मशीन क्रेन और लोहे की चेन से हटाने की कोशिश की। इसी दौरान 2 मजदूर मलबे में दब गए। उन्हें बचाने की कोशिश में अचानक आग लग गई और तेल व रसायन फैलने से आग बेकाबू हो गई। 2 लोगों की मौत और 21 लोगों के घायल होने की खबर है। ड्रम वॉशर फटने से प्रेशर इतना बढ़ा कि वॉशर मशीन का ढक्कन 600 फीट दूर गार्डन मिल में जा गिरा। फिलहाल, कडोदरा पीआईपीएल, बारडोली और सूरत फायर ब्रिगेड के 10 से ज्यादा दमकलकर्मी घटनास्थल पर मौजूद हैं।

### मौसम खराब होने से गृह राज्य मंत्री बेढम का हेलिकाप्टर लैंड नहीं हुआ

**जयपुर |** गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम सोमवार को जन्मदिन मनाने तीन मंत्रियों के साथ हेलिकॉप्टर से जयपुर से नगर (डीग) के लिए रवाना हुए थे। जयपुर से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद मौसम खराब हो गया। पायलट ने आगे की उड़ान को असुरक्षित करार दिया। बेढम समेत चारों मंत्री अलवर एयर स्पेस से वापस जयपुर आ गए। इसके बाद बेढम अपने 2 साथी मंत्रियों के साथ सड़क मार्ग से डीग के लिए रवाना हुए। बेढम का आज जन्मदिन है। वे जयपुर से यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, सहकारिता मंत्री गौतम दक और उद्योग एवं खेल राज्य मंत्री कृष्ण कुमार विश्नोई के साथ नगर जा रहे थे। जयपुर के एवन हेलीपैड मलिकपुर से दोपहर डेढ़ बजे चारों मंत्रियों ने डीग के लिए हेलिकॉप्टर से उड़ान भरी। लगभग 40 मिनट की उड़ान के बाद अलवर के नजदीक पायलट को मौसम खराब मिला। हेलिकॉप्टर वापस जयपुर के एवन हेलीपैड मलिकपुर में लैंड हुआ। पायलट ने खराब मौसम को देखते हुए आगे उड़ान भरना खतरनाक बताया। हेलिकॉप्टर की सुरक्षित लैंडिंग का सुझाव दिया।

### सूरत में करंट लगने से युवक और एक किशोर की मौत

**सूरत |** शहर में करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई। सरसाणा डोम में लाइट जला रहे एक इलेक्ट्रीशियन की करंट लगने से मौत हो गई। वहीं भाठेना स्थित अपने घर की लाइट जला रहे किशोर की करंट लगने से मौत हो गई। सिविल अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, राजस्थान के मूल निवासी और वर्तमान में इच्छापुर भाटपोर जीआईडीसी में रहने वाले सूरजमल विनोद मीणा इलेक्ट्रीशियन का काम करते थे।


**पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, बाबर रोड, बाराखंभा लेन, नई दिल्ली - 110001
फोनः 71233525, CIN: L74899DL1998PLC093073
ईमेलः investors@petronetlng.in, कम्पनी की वेबसाइटः www.petronetlng.in

**वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट का शुद्धिपत्र**

यह शुद्धिपत्र, कंपनी के शेयरधारकों और अन्य हितधारकों को 29 अगस्त 2025 को ईमेल द्वारा भेजे गए वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट के संबंध में है, जिसके साथ पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड (पीएलएल) के सदस्यों की 27वीं (सत्ताईसवीं) वार्षिक आम बैठक के आयोजन की सूचना भी है, जो बुधवार, 24 सितंबर 2025 को अपराह्न 3:30 बजे (आईएसटी) वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी)/अन्य दृश्य-श्रव्य माध्यमों (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की जाएगी। 27वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना 30 अगस्त 2025 को हिंदुस्तान टाइम्स (अंग्रेजी) के सभी संस्करणों और एनसीआर क्षेत्र में दैनिक भास्कर (हिंदी) में भी प्रकाशित की गई थी। उपरोक्त के संदर्भ में, एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी की वित्त वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट के पृष्ठ संख्या 18, जिसका शीर्षक 'वित्त वर्ष 2024-25 के लिए प्रदर्शन की मुख्य विशेषताएं' है, के शीर्ष पर दिए गए आंकड़ों में अनजाने में हुई टाइपोग्राफिकल त्रुटियों के कारण, उक्त पृष्ठ को ऐसी टाइपोग्राफिकल त्रुटियों को ठीक करने के बाद संशोधित पृष्ठ से बदल दिया गया है और पृष्ठ के शीर्षक और वित्त वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट को तदनुसार अद्यतन कर दिया गया है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी की अद्यतन वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.petronetlng.in और स्टॉक एक्सचेंजों, अर्थात् बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट क्रमशः www.bseindia.com और www.nseindia.com पर, और ई-वोटिंग एजेंसी, अर्थात् नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है।

हम यह भी सूचित करना चाहते हैं कि उक्त अनजाने में हुई टाइपोग्राफिकल त्रुटियों का 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी की 27वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना, निदेशकों की रिपोर्ट, उसके अनुलग्नकों और वित्तीय विवरणों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट को इस शुद्धिपत्र के साथ पढ़ा जाना चाहिए। किसी भी असुविधा के लिए खेद है।

पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड के लिए बोर्ड के आदेशानुसार
हस्ताक्षरकर्ता/-
(राजन कपूर)
जीजीएम एंड प्रेसिडेंट - कंपनी सचिव

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 01.09.2025

नोटः 27वीं वार्षिक आम बैठक के अवसर पर सदस्यों को कोई उपहार, उपहार कूपन या उपहार के बदले नकद राशि वितरित नहीं की जाएगी।